दैनिक जागरण 10/09/2025

# कालेज में एआइ पर हुई वाद विवाद प्रतियोगिता



जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान मोजूद विद्यार्थी व अन्य। • सौजन्य विज्ञप्ति

**अंबाला • (विज्ञप्ति) :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में अंग्रेजी विभाग, लैंग्वेज लैब तथा इंग्लिश लिटरेरी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एआइ पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्राचार्य डा. रोहित दत्त के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने एआइ के फायदे व खतरों पर अपनी बात रखी। प्रतियोगिता में फिलमेन फिलिप अव्वल रहे, जबकि दूसरे स्थान पर प्रगति व तीसरे स्थान पर एडलिन रहे। आयोजन में छात्र ईशान, आदित्य, पंकज और अजय ने सहयोग किया, वहीं निर्णायक मंडल में डा. अमित कुमार, डा. कमलेश रहीं। इसके अलावा महक तलवार, डा. ज्योति सरोत, डा. अंशु चौधरी, डा. नीना, हर्षिता, कमलप्रीत आदि मौजूद रहे।